हिन्दी दैनिक www.eksandesh.org
एक संदेश लखनऊ
अपना शहर

# 14 को लखनऊ में 24 बाल रचनाकारों को मिलेंगे साहित्य अकादेमी दिल्ली के पुरस्कार

लखनऊ। साहित्य अकादेमी दिल्ली का बाल साहित्य पुरस्कार अर्पण समारोह 2024 इस बार बाल दिवस पर लखनऊ में होगा। दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन 14 नवम्बर को शाम पांच बजे भारतेन्दु भवन गोमतीनगर में मुख्य अतिथि प्रो.सूर्य प्रसाद दीक्षित और समारोह की अध्यक्षता कर रहे अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक भारतीय भाषाओं के 24 बाल साहित्यकारों को 50 हजार की राशि और ताम्रफलक देकर पुरस्कृत करेंगे। दूसरे दिन 15 नवम्बर को लेखकों के वैचारिक सत्र सुबह से हिन्दी संस्थान हजरतगंज में होंगे।

**15 को भारतीय भाषाओं के पुरस्कृत लेखक साझा करेंगे रचनात्मक अनुभव**

अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाल साहित्य पुरस्कार 2024 प्राप्त करने वाले लेखक रंजु हाजरिका- असमिया, दीपान्विता राय- बांग्ला, प्रार्थना सेक भा मोसाहारी- बोडो, बिशन सिंह दर्दी- डोगरी, नंदिनी सेनगुप्ता- अंग्रेजी, गिरा पिनाकिन भट्ट- गुजराती, देवेन्द्र कुमार- हिंदी, कृष्णमूर्ति बिलिगेरे- कन्नड़, मुजफ्फर हुसैन दिलबर- कश्मीरी, हर्षा सद्गुरु शेटये- कोंकणी, नारायणजी- मैथिली, उन्नी अम्मायंबलम- मलयालम, क्षेत्रिमयुम सुबदनी- मणिपुरी, भारत सासणे- मराठी, बसंत थापा- नेपाली, मानस रंजन सामल- ओड़िआ, कुलदीप सिंह दीप- पंजाबी, प्रहलाद सिंह झोरडा- राजस्थानी, हर्षदेव माधव- संस्कृत, दुगाई टुडु- संथाली, लक्ष्मण होतचंदानी लाचार- सिंधी, युमा वासुकि- तमिल, पामिदिमुक्कला चंद्रशेखर आजाद- तेलुगु और शम्सुल इस्लाम फारूकी- उर्दू हैं। समारोह में समापन वक्तव्य केन्द्रीय साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा देंगी, जबकि स्वागत सचिव करेंगे। द्वितीय दिवस 15 नवम्बर को सुबह 10 बजे से निराला सभागार हिन्दी संस्थान में पुरस्कृत बाल साहित्यकारों के साथ 'लेखक सम्मिलन' होगा। इसमें पुरस्कार विजेता अपने वक्तव्य तथा रचनात्मक लेखन के अनुभव कुमुद शर्मा की अध्यक्षता में साझा करेंगे। दोपहर बाद ढाई बजे दूसरे सत्र में 'बाल लेखन- अतीत, वर्तमान और भविष्य' विषयक संगोष्ठी होगी। गोष्ठी में विभिन्न भारतीय भाषाओं के साहित्यकार विचार व्यक्त करेंगे।